## संभागायुक्त ने डॉ शिवहरे और डॉ शिवम से 10 बिंदुओं पर मांगा जवाब, पक्ष प्रस्तुत करने 10 दिन का दिया समय

# प्रसूता की मौत पर दो डॉक्टरों पर लटक रही कार्यवाई की तलवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संभागायुक्त अभय वर्मा नें जिला चिकित्सालय में 21 दिसंबर 2023 को प्रसव उपरांत स्लीमनाबाद निवासी श्रीमती रंजीता कोल के इलाज के मामले में लापरवाही बरतने से अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से हुई मृत्यु के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शिवहरे और डॉ शिवम दुबे को बिन्दुवार पत्र जारी कर 10 दिन के भीतर पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### इन बिंदुओं पर मांगा जवाब

महिला रंजीता कोल 20 दिसंबर 23 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद में उपस्थित हुई, जहाँ सायं 05.00 बजे उन्होंने बालक को जन्म दिया किन्तु माइल्ड रक्त स्त्राव उल्लेख करते हुए महिला को सायं 7.40 बजे जिला चिकित्सालय कटनी को रेफर कर दिया गया। महिला को प्रसव पश्चात 02 टियर थे, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद में रिपेयर न करते हुए रक्त स्त्राव की स्थिति में ही उसे रेफर कर दिया गया। महिला के ए०एन०सी० जांच कार्ड में उसका ब्लड ग्रुप ओ-पॉजिटिव का उल्लेख है, जबकि रेफर स्लिप में ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव का उल्लेख है।

जिला चिकित्सालय कटनी में महिला रात्रि 8.31 बजे उपस्थित हो चुकी थी, किन्तु रात्रि 10.00 बजे उसकी मेटरनिटी वार्ड में जांच की गई व वैजाइनल टियर रिपेयर किया गया।

डॉ सीमा शिवहरे द्वारा रात्रि 11.00 बजे प्रथम बार परीक्षण किया जाना व ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिये सुझाव दिया गया, किन्तु ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. मोहित श्रीवास्तव के कथनानुसार उन्हें प्रातः 8. 47 पर रक्त की व्यवस्था करने हेतु डॉ. यशवंत वर्मा, सिविल सर्जन के द्वारा काल आया एवं 15 से 20 मिनट में उन्होंने डोनर का अरेंजमेंट कर लिया। ब्लड अरेंज होने तक महिला की मृत्यु हो गई। रात्रि में ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में रक्त की व्यवस्था के क्या प्रयास किये गये स्पष्ट नहीं है। आपके द्वारा बताया गया कि महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ था, बहुत ज्यादा मात्रा में पीलिया है, प्लेटिलेटस काउंट बहुत कम है, रीनल फंक्शन खराब है। यह उल्लेख करते हुए उसे प्रातः 8.10 बजे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर करने की सलाह दी गई। महिला की यह स्थिति रात लगभग 11.00 बजे से प्राप्त ब्लड रिपोर्ट से स्पष्ट हो गई थी, मात्र पीलिया की रिपोर्ट शेष थी। अतः रात्रि 12.30 बजे, प्रातः 04.00 बजे, 06.00 बजे, 07.00 बजे, व प्रातः 08. 00 बजे किये गये परीक्षण में रेफरल का कोई उल्लेख नहीं है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि रात्रि में किये गये 05 परीक्षणों में महिला की रात्रि में ही प्राप्त ब्लड रिपोर्ट (जिसमें प्लेटलेट्स बहुत कम एवं सीरम कियेटिनिन बढ़ा हुआ) का उल्लेख नहीं है। जिससे यह प्रतीत होता है कि जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स द्वारा महिला को रात्रि में ही स्पष्ट गम्भीर अवस्था के उपचार की कोई व्यवस्था नहीं की गई और रात में ही रिफर नहीं करने का कारण भी स्पष्ट नहीं किया गया। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि इस संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता कि यह परीक्षण रिपोर्ट महिला की मृत्यु उपरान्त विपरीत परिणामों से बचने के लिये बाद में बनाई गई हो। संदेह को बल इससे भी मिलता है कि कुछ परीक्षण अहस्ताक्षरित है।

प्रसूता महिला 20 दिसंबर 2023 से 21 दिसंबर 2023 को अपनी मृत्यु तक शासकीय व्यवस्था में उपचाररत थी, किन्तु उसकी इस गम्भीर स्थिति का निदान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद, प्रसव पूर्व जांच (ए.एन.सी. चौकअप) एवं जिला अस्पताल द्वारा समय पर नहीं किया गया। जिला चिकित्सालय द्वारा महिला की इस स्थिति का परीक्षण कर अगर अस्पताल में आवश्यक व्यवस्था नहीं थी तो मरीज को रात्रि में ही जबलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर करने की सलाह दी जा सकती थी। महिला को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर हेतु प्रातः 8.10 बजे तक इंतजार किया गया, जिसके एक घण्टे के अंदर ही महिला की मृत्यु हो गई।

रंजीता कोल के एम.सी.पी. कार्ड को देखने पर यह प्रतीत हो रहा है कि उसकी 05 ए.एन.सी. चेकअप हुई है, परन्तु कोई भी चेकअप के दौरान एम.सी.सी. कार्ड में प्रविष्टि पीलिया, हेपेटाईटिस, एच.आई.व्ही., यूरिन जॉच, शुगर जांच नहीं हुई है। जिससे रंजीता कोल की ज्वाइंडिस के बारे में पहले से पता होना था। जिससे यह कहा जा सकता है कि ए.एन.एम. एवं सी.एच.ओ. द्वारा लापरवाही पूर्वक आधी-अधूरी जांच की गई, जिससे रंजीता कोल की हाई रिस्क डाइग्नोसिस नहीं हो पाई।हर ए.एन.सी. को ए.एन.एम. के द्वारा एक बार मेडिकल ऑफीसर से जांच करना जरूरी था, जो नहीं कराया गया। ए.एन.एम. द्वारा एम.सी.पी. कार्ड में जो चौकअप की डाटा चढ़ाई गई है वे संदिग्ध लग रही है जो कि बाद में मैनीपुलेट कर लिखा गया ऐसा लग रहा है।

20 दिसंबर 2023 को सायं 7.40 मिनट पर स्लीमनाबाद की मेडिकल ऑफीसर के द्वारा प्रसूता को जिला अस्पताल कटनी रैफर किया गया। जबकि रंजीता कोल की हालत और गंभीरता को देखते हुए डायरेक्ट मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता तो गोल्डन टाइम वेस्ट नहीं होता। एडमिशन टिकट के अनुसार मरीज रंजीता कोल 20 दिसंबर 2023 को सायं 8.30 बजे जिला अस्पताल कटनी में मेटरनिटी वार्ड में भर्ती हो गयी थी, परन्तु गाइनोक्लोजिस्ट डॉ सीमा शिवहरे के द्वारा रात को 11.00 बजे पहली बार देखा गया है।

ब्लड रिपोर्ट रात 11.40 बजे प्राप्त हो गयी थी जिसमें पीलिया 14.73 मिलीग्राम आया था जो कि डेंजर लेबल से बहुत ज्यादा है एवं मरीज को सुपर स्पेशलिटी केयर की जरूरत थी। इस कंडीशन में तत्काल मरीज को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर देना था जो कि नहीं किया गया। रात को 10.00 बजे मरीज को ब्लड दांसफ्यूजन एडवाईस किया गया था, परन्तु ब्लड बैंक डॉ. मोहित श्रीवास्तव अनुसार उनको प्रातः 08.47 बजे सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा जानकारी मिली ।उनके द्वारा प्रातः 9.20 मिनट पर ब्लड की व्यवस्था की गई तब तक रंजीता कोल की मृत्यु हो चुकी थी। 20 दिसंबर 2023 की रात 11.00 बजे के बाद से केससीट पर कहीं भी गाइनोक्लोजिस्ट डॉ. सीमा शिवहरे की नोट नहीं मिले। केसशीट पर रात्रि 12.00 बजे तक जो भी नोट डली हुई है वे स्टाफ नर्स के द्वारा लिया जाना प्रतीत हो रहा है। कोई डॉक्टर का लिखा हुआ नोट प्रतीत नहीं हो रहा है। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि गाइनोक्लोजिस्ट डॉ. सीमा शिवहरे द्वारा गंभीरता पूर्वक मरीज का इलाज नहीं किया गया।

संभागायुक्त श्री वर्मा ने इस प्रस्ताव के विरूद्ध पक्ष प्रस्तुत करने के लिये 10 दिवस का समय दिया है। पक्ष प्रस्तुत करने में असफल रहने पर यह माना जावेगा कि आपके पक्ष में कोई आधार नहीं है तथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित किया जाकर म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 तहत कार्रवाई की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाईजेशन पन्ना में आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024- हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन मंगलवार 9 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में एन.आई.सी. कलेक्ट्रेट पन्ना में किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 08- खजुराहो के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा विजयराघवगढ़ तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कटनी को मंगलवार 9 अप्रैल को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पन्ना में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### मतदान दलों को भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान अनुपस्थित मतदाता श्रेणी के 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग जन श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र से घर-घर से मतदान कराने वाले दलों को भोजन व्यवस्था स्व सहायता समूहों के माध्यम से निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बरही, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से निर्धारित दर पर भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु कहा गया है।

### नारों के माध्यम से किया जा रहा नागरिकों को जागरूक

**कटनी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रेरक नारों के माध्यम से मतदान करने हेतु मतदाताओं को किया जा रहा मतदान करने प्रोत्साहित। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह ने बताया कि मझगवां गांव मे बी.ए.डव्ल्यू छात्राओं द्वारा दीवार लेखन कर मतदान अवश्यक करने की अलख जगाई जा रही है। इसके तहत युवा शक्ति के है काम शिक्षा सेवा और मतदान तथा जन- जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है का दीवार लेखन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार एक अन्य नारे से खुद जागरूक बने दूसरों को भी जागरूक करें देश निर्माण में अपना मतदान जरूर करें।

### माई नदी को पुर्नजीवित करने बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कटनी शहर की माई नदी में जलस्तर बढ़ाने सुदृढ़ीकरण एवं नदी को पुर्नजीवित करने के लिए मंगलवार 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से पुरानी कचहरी स्थित एस.डी.एम कार्यालय कटनी में बैठक का आयोजन किया गया है। ए.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में शहर की पवित्र माई नदी में जलस्तर बढानें और पुर्नजीवित करने के संबंध में शहर के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं के विचार और सुझाव आमंत्रित किये गऐ है। साथ ही सामाजिक संस्थाओं से बैइक मे उपस्थिति रहने का आग्रह किया गया हैं। बैठक मे जय भारतीय शिक्षा केन्द्र के सचिव एवं नदी पुर्नजीवन विशेषज्ञ भारत नामदेव द्वारा नदी पुर्नजीवन के संबंध में कार्यअनुभव प्रस्तुत किया जायेगा। एस.डी.एम श्री मिश्रा ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं से मंगलवार 9 अप्रैल को आयोजित इस बैठक में उपस्थित रहकर अपने महत्पूर्ण सुझाव और सलाह देने की अपील की है।

### रास्ता रोककर मारपीट

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत झिंझरी में विकास मेहतो के साथ मारपीट की गई। पुलिस को दी गई शिकायत में विकास ने बताया कि रैपुरा निवासी अमित चौहान ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

*पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही*

# कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को 6 माह के लिए किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दो आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही करते हुए दोनों आदतन अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने दोनों अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिन व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है उनमें बरही थाना क्षेत्रांतर्गत लुरमी निवासी विपिन सिंह पिता लवकुश प्रताप सिंह बघेल उम्र 35 वर्ष के विरूद्ध 2010 से 2023 तक कुल 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए है जो विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। इनमें जनमानस के साथ गाली- गलौच करने मारपीट कर घायल करने, जान से मारने की धमकी देना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करनें जैसे अपराध पंजीबद्ध है। विपिन अपने साथियों के साथ आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर सार्वजनिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कये हुए है जो समाज एवं कानून के लिए चिंता का विषय है। इस स्थिति और लोकसभा निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना के मद्देनजर कलेक्टर श्री प्रसाद ने विपिन को 6 माह की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया है।

इसी प्रकार एक अन्य आदेश में कलेक्टर ने रंगनाथ थाना नगर लखेरा निवासी निशांत मिश्रा उर्फ प्रियांशु उर्फ सरकार पिता प्रेम कुमार मिश्रा उम्र 20 वर्ष के विरूद्ध थाना रंगनाथ नगर और थाना माधवनगर में वर्ष 2022 से अक्टूबर 2023 तक 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिसमें मुख्य रूप से आमजन के साथ अवैध वसूली करना, झूठी गवाही के लिए लोगों को धमकाना, लूट करना, मरपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध शराब कब्जे मे रखना जैसे अपराध शामिल है। इन स्थितियों को मद्देनजर एवं लोकसभा निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना के मद्देनजर कलेक्टर श्री प्रसाद ने निशांत मिश्रा को 6 माह की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं और समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

दोनो आदतन अपराधियों को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। लेकिन इसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी तथा पेशी होने के तुरंत पश्चात इस न्यायालय के आदेश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

## डीपीएस में प्रोफिशिएंसी अवार्ड का आयोजन



डीपीएस में विगत दिवस कक्षा पहली से पाँचवी की कक्षाओं के विद्यार्थियो लिए जनरल प्रोफिशिएंसी अवार्ड' सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवार्ड सेरेमनी में भिन्न भिन्न केटेगरी में बच्चों को सर्टिफिकेट, मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस कैटेगरी में बच्चों को ऑल राउंडर बेस्ट इन एकेडमिक्स बेस्ट इन डांस, बेस्ट इन डिसीप्लिन 'बेस्ट इन आर्ट एंड क्राफ्ट, बेस्ट इन ड्रेस, कंप्यूटर विजार्ड के आधार पर किया गया । बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवार्ड को पाने के लिए पूरे वर्ष भर बच्चे काफी कड़ी मेहनत करते हैं। बच्चे काफी बेसब्री से अपने नाम को सुनने के लिए आतुर थे। सर्टिफिकेट एवं अवार्ड पाकर बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया । विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा




शहडोल लोकसभा क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। कटनी जिले की बड़वारा विधानसभा शहडोल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आती है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है और जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है।सामाजिक गतिविधियों के साथ मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत आने वाली सीएमसीएलडीपी के छात्रों ने स्वीप अभियान के तहत बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया।

जिला समन्वयक ड़ॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में पकरिया स्थित शासकीय महाविद्यालय उमरियापान से बाइक रैली शुरू हुई, जो पकरिया पचपेढ़ी होते हुए पुनः महाविद्यालय आकर समाप्त हुई।रैली में शामिल सीएमसीएलडीपी के छात्र मतदान संबंधित स्लोगन और नारे लिखी तख्तियां लिए मतदान को लेकर नारेबाजी करते चल रहे थे।छात्रों ने इस मौके पर जगह जगह बाइक रोककर मतदान के प्रति लोंगो को जागरूक किया। इस दौरान छात्रों ने उम्र 18 पूरी है, मतदान करना जरूरी है।,सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो।,बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान।,जब भी वोट डालने जाएं, परिचय पत्र साथ ले जाएं...आदि नारे लगा रहे थे।

इस दौरान परामर्शदाता शैलेश दुबे, सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, अमर सिंह जोगी ,धर्मेंद्र गर्ग, सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया, विकास हल्दकार, सतेंद्र सिंह राजपूत सहित सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

*जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का किया गया गठन*

# महंगी किताबें खरीदने बाध्य करने पर नालंदा हासे स्कूल की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध नालंदा हायर सेकेण्डरी स्कूल झिझंरी द्वारा एन .सी ई. आर टी की पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें और अन्य सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाने के मामले की जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। ये जांच समिति तीन दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन जिला समिति को प्रस्तुत करेगी।

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे सोमवार को आयोजित जिला समिति की बैठक में 4 शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों पर चर्चा के बाद नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल झिंझरी द्वारा मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियम अधिनियम एवं नियम के पालन सहित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के पालन की समीक्षा की गई।

नालंदा हाई सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन के संबंध में प्राप्त शिकायत के अवलोकन पर जिला समिति ने पाया की संस्कृत को छोड़कर शेष अन्य विषयो की एन सी ई .आर.टी व सी.बी.एस.ई से भिन्न और अधिक मूल्य की पुस्तकें क्रय करने छात्रों को बाध्य किया जा रहा है। जो स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों का घोर उल्लंघन है।

### 490 की हिंदी और 615 रुपए की साइंस बुक

शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया है कि नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन द्वारा एनसीईआरटी के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें दुकान विशेष से खरीदने अभिभावकों को बाध्य किया जाता है। पालकों को साइंस की किताब 615 रुपए में,सोशल साइंस की 605 रुपए में,गणित की 595 रूपयेमे, हिंदी ग्रामर की 585 रुपए में तो हिंदी की पुस्तक 490 रूपए में और अंग्रेजी ग्रामर की 365 रुपए मूल्य पर चुनिंदा प्रकाशकों की पुस्तकें खास दुकान से खरीदने बाध्य किया जाता है।

कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति के पास नालंदा स्कूल प्रबंधन के संबंध में कई गंभीर शिकायतें मिली है जिनमें सी.बी.एस.ई व एन.सी.ई.आरटी द्वारा मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों का चयन कर अभिभावकों को दुकान से पाठ्य पुस्तक व अन्य सामग्री क्रय करने अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जाता है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा 12 अप्रैल 2016 को जारी निर्देशों में स्पष्ट है कि छात्रों एवं उनके पालकों को एन.सी.ई.आरटी और और सी.बी.एस.ई से भिन्न प्रकाशकों की पुस्तक खरीदने के लिए अनुचित दबाव न बनाया जावे।

जिला समिति ने बैठक में शिकायतों पर चर्चा के उपरांत नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल झिंझरी की उपरोक्त शिकायतों की जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित की है । जो तीन दिन में जांच प्रतिवेदन जिला समिति को देगी ।

## घर से वोट करनें की सुविधा, शाम 5 बजे तक हुई 95.7 फीसदी वोटिंग

# दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं ने उमंग और उत्साह से की होम वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन मे शहडोल लोकसभा क्षेत्रान्तर्गत कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार की शाम 5 बजे तक 95.7 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं ने उमंग, उत्साह के साथ होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाकर अपनें मताधिकार का प्रयोग किया।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी बड़वारा विंकी सिंहमारे उईके ने बताया कि बड़व्रारा विधानसभा क्षेत्र मे 85 वर्ष से अधिक और पी.डव्ल्यू डी मतदाताओं की कुल संख्या 346 है। जिसमें 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 176 और पी.डब्ल्यूडी मतदाताओं की संख्या 170 है। शाम 5 बजे की स्थिति में 346 मतदाताओं में से 331 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका कुल मतदान प्रतिशत 95.7 है। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदान करने वालों की संख्या 172 है एवं पी.डब्ल्यूडी मतदाताओं द्वारा मतदान करनें वालों की संख्या 159 है। इस प्रकार शाम 5 बजे तक 85 प्लस के मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 97.7 प्रतिशत और पी.डव्ल्यू.डी मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 93.5 फीसदी रहा।

लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने और कर्तव्यों का निर्वहन करने में उम्र को पीछे छोडते हुए उमरियापान ग्राम पंचायत की 96 वर्षीय बती बाई चौरसिया और 86 वर्षीय गनेशी बाई कुम्हार ने मतदान कर युवाओं के लिए नजीर पेश की है। इन दोनों वरिष्ठतम मतदाताओं ने आयोग के होम वोटिंग सुविधा का लाभ लेकर मताधिकार का अपने घर से ही प्रयोग किया। गनेशी बाई कुम्हार का मतदान केन्द्र क्रमाक 184 और बती बाई चौरसिया का मतदान केन्द्र कमांक 181 है।

संसदीय क्षेत्र शहडोल की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 91 बड़वारा में सोमवार को आयोजित होम वोटिंग के दौरान ग्राम पंचायत उमरियापान निवासी 55 वर्षीय दृष्टिबाधित दिव्यांग मतदाता शेख रसूल को उनके घर पर ही मतदान की सुविधा मुहैया कराई गई। शेख रसूल ने बताया कि दिव्यांगता के कारण वे मतदान केन्द्र तक पहुंचने में अक्षम थे। निर्वाचन आयोग की घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था से सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर पाया। शेख रसूल का मतदान केन्द्र क्रमांक 181 है।

उमरियापान निवासी 86 वर्षीय वयोवृद्ध श्रीमती गोमती बाई बर्मन ने भी होम वोटिंग के तहत अपने घर पर ही मतदान किया। मतदान कर गोमती बाई ने कहा कि घर पर ही वोट डाल कर बहुत अच्छा लगा, इससे बूथ पर जाने और लाइन में लगने की परेशानी दूर हुई। ज्यादा उम्र होने की वजह से मतदान केन्द्र तक पहुंचने मे काफी दिक्कत थी। गोमती बाई का मतदान केन्द्र क्रमांक 180 है।

कटंगी कलॉ निवासी पी.डब्ल्यूडी मतदाता ईश्वरदीन पिता किशोरीलाल बर्मन ने होम वोटिंग का लाभ उठाते हुए अपने घर पर ही मतदान किया। ईश्वरदीन का मतदान केन्द्र कमांक 107 है।



# सोमवती अमावस्या पर पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

चैत्र माह का सोमवती अमावस्या का पर्व ढीमरखेड़ा - उमरियापान क्षेत्र में सोमवार को महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक मनाया। सुबह से ही महिलाएं मंदिरों में पूजा करने पहुँची। पीपल के पेड़ के साथ मंदिरों में महिलाओं ने तुलसी का पौधा रखकर परिक्रमा किया। व्रत रखकर महिलाओं ने पूजन अर्चन कर परिवार की खुशियों के साथ पति व पुत्र के दीर्घायु की कामना की। मंदिरों में पुजारियों ने महिलाओं को सोमवती अमावस्या व्रत की संकल्प सहित कथा सुनाया। पंडित मोहित पौराणिक, शीतल शुक्ला,राकेश पाठक,विमलेश्वर तिवारी ने कथा सुनाते हुए बताया कि शास्त्रों के अनुसार सोमवती अमावस्या को महिलाओं ने अपने परिवार के सुख शांति के लिए पूजन अर्चन करती है।जिससे परिवार में सुख शांति समृद्धि बनी रहे। इस पूजा के पहले स्नान दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। व्रती महिलाओं को अखण्ड सौभाग्य खुशहाली प्राप्त होती हैं।

## खबर संक्षेप



### नवरात्र में बडीमाई मंदिर में लगेगा भक्तों का तांता

**उमरियापान।** देवी शक्ति उपासना के नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पर आज से उमरियापान स्थित प्राचीन बड़ी माई मंदिर मे भक्तों का तांता लगेगा। सुबह 4 बजे से जल ढारने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर पूरे नौ दिनों तक शाम को महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा। बताते हैं कल्चुरीकालीन बड़ीमाई का विशाल मंदिर दैवीय शक्ति से एक रात में बन गया था। पर्व पर अंधेलीबाग स्थित खेरमाई मंदिर, दियागढ़ के नागिन देवी मंदिर, चित्तावर माता मंदिर, समीपी ग्राम बड़ी पोंडी, पोंडीखुर्द, सिमरिया, पिपरियाशुक्ल के देवी मंदिरों व सिलौडी क्षेत्र में पाली स्थित मां विरासन देवी मंदिर और महादेवी मंदिर में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

### शांति पूर्ण मतदान कराने सुरक्षाबलों ने किया पैदल मार्च



**कटनी।** चुनाव आयोग के सख्त दिशा निर्देश पर लोक तंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न करबाने के उद्देश्य से बड़वारा पुलिस व एस एस बी के सुरक्षा बल के जवानों ने बड़वारा व समीपस्थ संवेदनशील ग्रामों भजिया विलायत कला, बड़वारा , रोहनिया, बसाड़ी, कांटी , मझगवां ग्रामों में पैदल मार्च कर लोगों में मतदान करने के प्रति सुरक्षा का विश्वास दिलाया। भ्रमण के दौरान लोगों से शांति पूर्ण मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

### दस्तावेज नहीं होने से एक लाख रूपए जब्त



**कटनी।** सोमवार को थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र में संचालित एसएसटी नाका ग्राम छपरा मे सघन वाहन चेकिंग के दौरान के वाहन क्र. एम पी 21 जेड ए 8442 को चेक किया गया जिसमे आनंद मिश्रा पिता उमाकांत मिश्रा उम्र 25 साल निवासी जमुनिया थाना उमरिया पान जिला कटनी पनी गाड़ी के अंदर रखे बैग मे 1 लाख रूपये लिये मिला। जिससे पैसो के सबंध मे आवश्यक दस्तावेज पेश नही किया। जिससे मौके पर समक्ष गवाहन के जप्त किया गया। करवाई में निरीक्षक अखिलेश दाहिया, प्र.आर. तेजप्रकाश सिंह, प्र.आर. अंकित दुबे की महत्वपूर्ण रही ।

### अवकाश के दिनों में कार्यालय खोलने निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने लोकसभा निर्वाचन 2024 तथा माह अप्रैल में पड़ने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त विभाग प्रमुखों को अवकाश के दिनों में कार्यालय खुला रखने तथा निर्वाचन संबंधी डाक एवं जानकारियां प्राप्त करने के लिए अवकाश के दिनों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया है। अपर कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से जारी आदेश में निर्वाचन अवधि के दौरान कार्यालय बंद पाए जाने अथवा अधिकारी, कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित विभाग प्रमुख एवं अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने का लेख किया गया है।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

# गर्मियों में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने एवं अग्नि हादसों को रोकने कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी।



सोमवार को समय-सीमा की आयोजित बैठक मे कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के विभागीय अधिकारियों के कार्यो एवं लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी जिला अधिकारियों को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बैठक मे लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी कार्य सहित अन्य कार्यो, न्यायालयीन प्रकरणों, ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

### शीध्र करें लंबित भुगतान

समय-सीमा की बैठक में राशि आवंटन के पश्चात भी 27 गौशालाओं के लंबित भुगतान की समीक्षा के दौरान उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि माह अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर का भुगतान करा दिया गया है। विजयराघवगढ़ की गौशालाओं के लंबित भुगतान हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शीध्र बैठक आयोजित करते हुए राशि के आवंटन की नियमानुसार कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया।

### पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

ग्रीष्मकाल में जिले की पेयजल व्यवस्था हेतु विभागीय अधिकारियों की गई तैयारियों की समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री के.एस. डामोर ने बताया कि बिगडे हैंण्डपंपों की मरम्मत के कार्य के साथ ही राइजर पाईप, केसिंग पाईप आदि की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर द्वारा नलजल योजना की स्थिति, पेयजल हेतु विद्युत समस्या एवं जारी हेल्पलाईन नंबर की शिकायतों की समीक्षा कर व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान नगर निगम के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव द्वारा भी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नगर निगम द्वारा विभिन्न माध्यमो से वर्तमान में की जा रही पेयजल सप्लाई एवं ग्रीष्म ऋतु के दौरान की जाने वाली सप्लाई, वैकल्पिक स्त्रोंत एवं पेयजल की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान आवश्यकता पड़नें पर मोटरपंप जप्ती की कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

### अग्नि हादसों को रोकने करें कार्यवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ग्रीष्म काल के दौरान अग्नि दुघर्टना से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण की कायवाही के तहत जिले के चिकित्सालयों स्कूलों एवं अन्य जरूरी स्थलों में नियमानुसार फायर सेफ्टी की उपलब्धता एवं उपलब्ध फायर सेफ्टी की वर्तमान स्थिति की जांच करानें हेतु निगमायुक्त विनोद शुक्ल सहित राहत शाखा को निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा भंडारण की कार्ययोजना बनाकर जिला उपार्जन समिति की बैठक में प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारियों को पट्टा शर्तो का उल्लंघन पाये जाने नियमानुसार कार्यवाही करने के साथ ही कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई श्री डामोर को ग्राम देवरी खुर्द में पानी की समस्या के निराकरण करनें तथा परियोजना प्रस्तावकों द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तो का पालन प्रतिवेदन प्रेषित नहीं करनें के प्रकरण पर जिला खनिज अधिकारी संतोष सिंह को आगामी माह में बैठक आयोजित कर नियमानुसार कार्यवाही करनें के निदेश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता एवं ज्योति लिल्हारें मौजूद रहीं।

## सीवर लाइन कार्य में बरती जा रही लापरवाही : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रघुनाथगंज वार्ड के पार्षद मिथलेश जैन द्वारा प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास, कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी, महापौर नगर निगम एवं आयुक्त नगर निगम कटनी को पत्र लिखकर सीवर लाईन ठेकेदार से रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य कराये जाने की मांग की है। उनके द्वारा मांग की गई है कि नगर पालिक निगम कटनी में अमृत योजनांतर्गत सीवर लाइन का कार्य किया जा रहा है जो कि गुणवत्ता के अनुरुप नहीं है । सीवर लाईन डालने के कार्य में बेस नही बनाया जा रहा है । काम्पेक्टिंग कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है, डाली जा रही सीवर लाईन उचित गुणवत्ता की नहीं है । रोड़ रेस्टोरेशन भी नहीं किया जा रहा है । स्वतंत्र इंजीनियर (एजिस कंपनी) के द्वारा उचित रुप से देख रेख नहीं की जा रही है, मौके पर जब भी सीवर लाईन डाली जाती है तो स्वतंत्र इंजीनियर एवं नगर निगम के इंजीनियर मौके पर उपस्थित नहीं रहते हैं । ठेकेदार द्वारा मुख्य सीवर लाईन डालने के साथ-साथ ही सर्विस लाईन नहीं डाली जा रही है और सर्विस लाइन के चेम्बर भी नहीं बनाये जा रहे हैं, जिसके कारण पुनः रोड़ की खुदाई होगी और लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा । जिस तरीके से जिस गोलाई व क्षमता की सीवर लाईन डाली जा रहा है, उससे योजना पूरी होने पर लोगों का शौच करना मुश्किल हो जावेगा ।

रघुनाथगंज वार्ड क्रमांक- 23 सहित पूरे शहर में नगर निगम की सीवर लाईन ठेकेदार द्वारा सड़क खोदकर डाली गई है, जिसके कारण सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं और सड़क उबड़ खाबड़ हो गई है और दिनभर धूल उड़ती रहती है और आवागमन करने वाले व्यक्ति दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं । उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा उपरोक्त संबंध में अनेकों बार नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक ठेकेदार द्वारा रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया जा रहा है, स्वतंत्र इंजीनियर (एजिस कंपनी) के द्वारा भी उपरोक्त संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है । उन्होनें कहा है कि उनके द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों के द्वारा कहा जा रहा है कि यदि रोड रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया गया तो वे चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे ।

**बॉलीवुड गायक जतिन उदासी की प्रस्तुतियों से झूमें**

## झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड पर शास्त्रीय एवं आधुनिक पॉप संगीत ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड्र के अवसर पर सुहिणां सिंधी ग्रुप द्वारा सिंधयतजी शाम कटनी में ही जन्मे बॉलीवुड गायक जतिन उदासी के गीतों के साथ संपन्न हुआ। जतिन उदासी कटनी के गौरव बालक मंडली के गोवर्धन उदासी के सुपुत्र है, जैसे ही जतिन उदासी स्टेज पर आये तो सारे दर्शकों ने उठकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। अपने लाड़ले के प्रति इतना प्यार जताया कि जतिन उदासी के साथ झूम उठे।

जतिन उदासी जो गीत-संगीत में एक उभरता सितारा है उनके गीत था संगीत में आधुनिक पॉप संगीत तथा शास्त्रीय संगीत का मिश्रण रहा है। पुराने गीतों को नई शैली में प्रस्तुति उनकी काबिले ...... रही। उनके द्वारा झूलेलाल के गीतों के एक अस्मरणीय प्रस्तुति रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री झूलेलाल जी की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्जवलित किया गया है। प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा, श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 4000 रही है जिसके बैठने की व्यवस्था तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुंहिणा सिंधी गुरप द्वारा बड़े ही अच्छे ढंग से की गई, जिससे किसी को परेशानी नहीं हुई।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत अध्यक्ष मोहन बत्रा, अशोक चेलानी, गोविंद सचदेवा, अमृत तनवानी, अमर चेतवानी, अशोक रोहरा, नेबंदराम खूबचंदानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जियंदराय पंजवानी, मनोहर बजाज, प्रकाश आहूजा, पंकज आहूजा, राजेश खूबचंदानी, देवानंद आसरानी, डॉ. राजकुमार नागवानी, हीरानंद सहजवानी, अजय गेई, मनीष गेई, मेघराज खूबचंदानी, प्रेम बत्रा, अशोक रीझवानी, मनोहर उधवानी, बलराम गिदवानी, पीताम्बर टोपनानी, सिद्धार्थ जायसवाल, अवकाश जायसवाल, राजकुमार माखीजा, गोविंद चावला, मौसूफ अहमद बिट्टू, मोहनलाल पारेचा, अशोक मोहनानी, गौरव मोहनानी, राजा जगवानी, लक्ष्मण आसरानी, अशोक आहूजा, रूपेश खूबचंदानी, दिनेश जसवानी आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग



जिला अस्पताल परिसर में सीएमएचओ ऑफिस के पास खराब होने के चलते खड़ी दो एंबुलेंस में अचानक से आग भड़क उठी। बगल में ही अस्पताल का ट्रांसफार्मर व सर्विस स्टेशन होने के कारण अफरातफरी मच गई। लोगों ने तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तत्परता से आग पर काबू पाया और उसके बाद अस्पताल के अधिकारी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल की खराब हो चुकी दो एंबुलेंस को सीएमओ कार्यालय के पास पोस्टमार्टम घर के सामने खड़ा कर दिया गया था। लगभग एक बजे अचानक से एक एंबुलेंस में आग भड़क उठी। जब तक लोग पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना देते आग बढ़ने लगी और उसने बगल में खड़ी एम्बुलेंस को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर नगर निगम की तीन दमकल मौके पर पहुंची और कर्मचारियों ने मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने का कारण अज्ञात है।

## ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट कबाड़ की दुकान में भड़की आग, मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधव नगर तांगा स्टैंड में मौजूद कबाड़ी की दुकान में रविवार देर शाम ट्रांसफार्मर में आग लग गई। कबाड़ दुकान से उठती आग की लपटे देखकर बाजार में खलबली मच गई। कुछ ही देर में आधे से अधिक बाजार बंद हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल ही माधव नगर पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। पुलिस की सक्रियता के कारण गंभीर घटना होने से बच गई। हालांकि कबाड़ की दुकान में आग लगने के कारण वहां मौजूद लगभग सारा कबाड़ जलकर राख हो गया, लेकिन गनीमत यह रही की राहत कार्य समय रहते शुरू हो जाने के कारण आग किसी अन्य दुकान को गिरफ्त में नहीं ले पाई।

जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार देर शाम लगभग 6:30 बजे सूचना मिली कि तांगा स्टैंड में मौजूद मोती कबाड़ी की दुकान में ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग लग गई है। सूचना मिलते ही तत्काल दमकल वाहन के साथ पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए।

कबाड़ दुकान बीच बाजार में मौजूद था जिससे अन्य दुकानों तक आग फैलने का डर था। आग को फैलने से रोकने के लिए पुलिस व फायर कर्मियों के द्वारा प्रयास शुरू कर दिए गए। जब तक आग पर पूरी तरह काबू किया जा सकता कब तक कबाड़ दुकान में रखा लगभग पूरा कबाड़ जलकर खाक हो गया।

**निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए दिलाई गई शपथ**

## छात्रों ने रैली निकालकर जागरूकता नारों से मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी में मतदाता जागरूकता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए सीएमसीएलडीपी परामर्शदाताओं व छात्रों के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन माधव नगर क्षेत्र में किया गया।

### विद्यालय में रैली का समापन

रैली का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय से करके समदडिया सिटी, ग्राम पंचायत चौराहा तांगा स्टैंड का भ्रमण करते हुए रैली में शामिल छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नारे ,सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है लगाकर शहर वासियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक और प्रेरित करते हुए वापस उत्कृष्ट विद्यालय में रैली का समापन किया गया।

रैली प्रारंभ होने से पूर्व विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान परामर्शदाता अमित तिवारी, संयोगिता मिश्रा, सुरेंद्र शुक्ला, एवं विनीत सौंधिया के साथ सभी छात्र छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा।

**आओ खेलें वोट के लिए, मतदाता जागरूकता अभियान**

## क्वार्टर फाइनल में प्रशासन इलेवन में अधिवक्ता संघ को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सोमवार को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ग्राउंड में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत खेले जा रहे प्रशासन एकादश और अधिवक्ता संघ के बीच खेले जा रहे पहले क्वार्टर फाइनल मैत्री क्रिकेट मैच के दौरान देखने को मिला। जब अधिवक्ता संघ की टीम 7 ओवर में मात्र 25 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्रशासन एकादश के कप्तान ब्रतेश जैन द्वारा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही साबित हुआ। इसके पूर्व जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने खिलाड़ियों और आगंतुकों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और क्रिकेट का लुत्फ भी उठाया।

### सुमित ने झटके पांच विकेट

सुमित सैनी की कहर बरपाती हुई धारदार पैनी गेंदबाजी के चलते अधिवक्ता संघ की टीम नतमस्तक हो गई। श्री सैनी ने तीन ओवर में 11 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्लेयर ऑफ़ द मैच से पुरस्कृत करते हुए ट्राफी प्रदान की। मुकेश चतुर्वेदी ने तीन खिलाड़ियों और ब्रतेश जैन ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

### एक विकेट खोकर लक्ष्य पाया

प्रशासन एकादश की ओर से सौरभ ने 15 और रानू कुरैशी ने 9 रन बनाये। 2.2 ओवर में एक विकेट खोकर 26 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में ऑर्डिनेंस 11 की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करती हुई व्यापारी एसोसिएशन की टीम 94 रन पर सिमट गई। इस प्रकार 29 रनों से ऑर्डिनेंस 11 ने जीत का परचम फहराया।

### अमित सिंह ने ठोके 76 रन

ऑर्डिनेंस 11 की ओर से खेलते हुए अमित सैनी 42 गेंद का सामना कर सात चौकों और दो छक्कों की सहायता से 76 बनाए। रोशन और अभिषेक दाहिया का भी 22 और 16 रनों का योगदान रहा। अमित सिंह को उम्दा बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। आपको बता दें कि व्यापारी एसोसिएशन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। प्रकाश सिंह गौतम और अनिल वाधवानी ने तीन-तीन विकेट लिए और अमित सिंह ने दो खिलाड़ियों का आउट किया। ऑर्डनेंस की ओर से प्रकाश सिंह गौतम और व्यापारी एसोसिएशन की ओर से सारंग बजाज ने कप्तानी की।

गुरु प्रसाद और मनोज शुक्ला ने अंपायरिंग की। सुयश शुक्ला और दिव्यांश मरकाम ने रनों का लेखा-जोखा किया। बृजेश शुक्ला ने रोचक ढंग से क्रिकेट का आंखों देखा हाल सुनाया।

### इनकी रही उपस्थिति

क्रिकेट मैच के दौरान जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, जिला लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, अभिषेक भार्गव एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों और नागरिकों की मौजूदगी रहे।

## दीवार लेखन से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लोकसभा निर्वाचन के तहत आयोजित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सोमवार को राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग एवं यूनिक आनंद क्लब की टीम के संयुक्त तत्वावधान मे रामपुर खिरहनी वार्ड क्रमांक 18 रामजानकी हनुमान वार्ड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता नारों का दीवार लेखन कर नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान, सत्य और ईमान से वोट करें शान से, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारों का दीवर लेखन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जागरूक नागरिक, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री अनिल कांबले, मनीषा कांबले, स्मृति करपते ,रश्मि खरे एवं यूनिक आनंद क्लब के सदस्यों मेहरून निशा अंसारी की उपस्थिति रही।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को अपनें मताधिकार का उपयोग कर जिले का मतदान प्रतिशत बढानें हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन तथा सी.ई.ओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

## डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम प्रभारी नियुक्त

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपस्थित मतदाता अर्थात ए.व्ही.एस.सी., ए.व्ही.पी.डी., ए.व्ही.सी.ओ. के मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग किये जाने हेतु पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी 18 अप्रैल को प्रथम भ्रमण एवं 20 अप्रैल 2024 को द्वितीय भ्रमण कर घर-घर जाकर मतदान संपन्न करायेगें। मतदान दिवस 18 अप्रैल के मतदान समाप्ति उपरांत एवं मतदान दिवस 20 अप्रैल 2024 के मतदान समाप्ति उपरांत तत्काल सील्ड् बॉक्स जिला कोषालय दमोह में स्थापित डबल लॉक स्ट्रांग रूम में 07-दमोह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग आफिसरों द्वारा जमा कराया जायेगा। जिला कोषालय दमोह में स्थापित डबल लॉक स्ट्रांग रूम में सील्ड डाक मतपत्र का बॉक्स सुरक्षित रखे जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिला कोषालय अधिकारी अभिषेक हजारी को डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम प्रभारी पदाविहित किया है।

### वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल

# ख़तरनाक घाटी के जर्जर मार्ग पर जाना जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





सड़कों की जर्जर हालत देखनी हो तो जबेरा तहसील के वनांचल क्षेत्र का भ्रमण कर लीजिए असलियत खुद-ब-खुद सामने आ जायेगी। क्षेत्र की बोधा सुरेखा घाटी सडके जर्जर हो चुकी हैं। घाटी की इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पटी ग्राम को सुरेखा जोड़ने वाला मार्ग को ही देख लीजिए। यह मार्ग अब बिल्कुल जर्जर हो गया है। आवागमन प्रभावित है। इस मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो गयी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क की उखड़ कर गड्ढों मे तब्दील हो गयी है। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मार्ग से प्रतिदिन दोपहिया व चौपहिया वाहनों का आवागमन बना रहता है। छात्र-छात्राएं मरीज भी इसी मार्ग से आते-जाते हैं। वर्षों से इस कच्ची सड़क की हालत बेहद खस्ता है। इसकी मरम्मत भी नहीं हो सकी है। दूरनांचल गांव बोधामानगढ़ वनवासी पक्की सड़क के लिए सरकार से मुद्दतों से आस लगाए हुए। खस्ता हाल सड़क की बजह से जीवन अस्त व्यस्त पढ़ा हुआ जहां लोग घाटी पर पक्की सड़क न होने से बीमारी या डिलेवरी के समय पर खाट पर बिठाकर घाटी से नीचे उतरते हैं।

### पटी ग्राम से सुरेखा जोड़ने वाला मार्ग मे घाट बना परेशानी का कारण

वर्षो से घाटी की सड़क की मरम्मत नही होने से बड़े-बड़े पत्थर घाट में निकल आए हैं। यहां का खतरनाक सफर में जरा सी चूक से हादसा घटित होने में देर नही लगती। बोधामानगढ़ के निवासी नरेश सिंह मरावी ने बताया कि जबेरा जनपद कि ग्राम पंचायत अंमदर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोधामानगढ़ में 350 आदिवासी लोग निवास करते हैं ग्राम मे 60 घर बने हुए हैं। यह दुर्लभ घाटी जो ग्राम बोध मानगढ़ और झादा ग्राम को जोड़ती है यह पूरी तरह खराब पड़ी हुई है घाटी पर चढ़ते हुए अनेकों बार हादसे घटित हो रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ग्राम के निवासी गाड़ी सहित घाट से नीचे गिर गया था। गनीमत यह रही गाड़ी चालक चट्टान में जाकर फस गया गाड़ी नीचे जा खाई मे गिरी जो पूरी तरह खराब हो गई। आये दिन लोग आने जाने में टू व्हीलर वाहन से गिर रही है। बड़े वाहन आने से कतरा रहे हैं अब तो हमारे गांव आने से रिश्तेदार भी कतराते है। हालत इतनी खराब है मरीज हो या फिर डिलेवरी दुर्गम घाटी से खाट पर लिटाकर घाट से नीचे उतरना पड़ता है। ग्रामवासी लक्ष्मण से दशरथ, भागीरथ, मुकेश, तुलसी, मोहन ठाकुर धनसिंह ,जुगराज ने बताया ग्राम बड़ी सगोडी से पट्टी गाँव मार्ग तक सड़क बनाई जा रही है। लगभग 3 किलोमीटर जिसमें घाट शामिल है प्रशासन से अपील है हमारे गांव तक भी सड़क बनाया जाए जिससे हम लोगों को भी इस मुश्किल भरे मार्ग से मुक्ति मिल सके और दुर्गम घाटी पर सीसी रोड बनाया जाए क्योंकि दुर्गम घाटी पर कच्ची सड़क ज्यादा दिन तक नही टिक सकती है। वनांचल के क्षेत्रवासियों ने जर्जर घाटी की मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

## शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जंप के बम्होरी माला ग्राम में चेत्रीय नवरात्रि के पावन अवसर माता सिद्धधाम मढ़ा मंदिर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पंचकुंडात्मक नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य और दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञ मंडप का निर्माण के साथ यज्ञ आयोजन के अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने विगत एक पखवाड़े जुटे हुए थे। इस संबंध में यज्ञ आयोजन समिति से सरपंच प्रतिनिधि रीतेश राय ने बताया चैत्र नवरात्रि प्रथम दिवस 9 अप्रैल को यज्ञ आरंभ विशाल कलश यात्रा यात्रा व नगर भ्रमण के साथ प्रारंभ होगा। पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निमंथन एवं अपराहन यज्ञाचार्य पंडित श्री पंकज प्रसाद तिवारी अध्यक्ष कर्मकांड प्रकोष्ठ पुरोहित पुजारी विद्वत संघ सागर सुबह 8 बजे शाम 4 बजे 10 से 16 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वृंदावन के भागवत कथा वाचक पंडित श्री गोविंद शरण जी महाराज के द्वारा दोपहर 4 बजे से सांय 7 बजे किया जाएगा। आयोजक श्रीमती रुक्मणी हेमराज राय ठेकेदार नर्मदा प्रसाद राय सुरेश राय कमलेश राय रमेश राय राजकुमार राय विनोद राय राहुल राय रितेश राय ने क्षेत्र वासियों से चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर होने जा रहे है। दिव्य और भव्य धार्मिक आयोजन मैं कहेत्रवासियो की गरिमामयी उपस्थिति की अपील की है। श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण के भव्य आयोजन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। जहां आयोजन की तैयारियां विगत एक पखवाड़े से चल रही है जिसका प्रचार प्रसार गांव गांव में प्रचार वाहनों के द्वारा अनाउंसमेंट से किया जा रहा है और भव्य यज्ञ मंडप श्रीमद् भागवत कथा का पंडाल बनकर तैयार है।

# पुलिस ने नगर में पकड़ा आईपीएल सट्टा

**हटा।** वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट चल रहा है जो उक्त आईपीएल क्रिकेट में सटोरियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी नितेश पटैल के द्वारा समस्त थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अभियान के तहत हटा थाना अंतर्गत थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा पृथक-पृथक टीमें गठित कर आईपीएल सट्टे के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लगाया गया था। जहां मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति पुरानी मछरयाई के पास आईपीएल क्रिकेट मैच के बॉलिंग बैटिंग पर हार-जीत का दाव लगाकर क्रिकेट सट्टा खिला रहा है जहां मौके पर तस्दीक कर सहा. उप निरीक्षक सुंदरलाल सुमन एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा एक व्यक्ति हाथ में मोबाईल लिये हुये खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस स्टाफ के द्वारा उक्त व्यक्ति को घेराबंदी करके पकड़ा गया। जिससे पूछताछ किये जाने पर नीलेश पिता जगदीश साहू उम्र 18 वर्ष निवासी नवोदय वार्ड हटा होना बताया जिसकी तलाशी लेने पर 910 रूपये नकद एवं एक एंड्रायड मोबाईल फोन जप्त किया गया जिसके मोबाईल में आईपीएल क्रिकेट के लखनऊ एवं गुजरात के मैच में सट्टे की लाईन / लिंक एक्टिव होना पाया गया। उक्त व्यक्ति से पूछताछ पर बताया गया कि, वह आईपीएल क्रिकेट मैच में लिक / लाईन के माध्यम से क्रिकेट सट्टा लगा रहा था। आरोपी नीलेश साहू से उक्त लिंक लाईन के संबध में पूछा गया जिसके द्वारा राहुल साहू निवासी ग्राम बीरमपुर थाना बक्सवाहा हाल निवासी रमाकवि वार्ड हटा से प्राप्त करना बताया गया जिससे पुलिस द्वारा राहुल साहू की तलाश की गई जो राहुल सिंह गौरीशंकर मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 430 रूपये नकद व एक मोबाईल फोन मिला जिस मोबाईल को चैक करने पर आईपीएल क्रिकेट सट्टे की एंजेट आईडी एक्टिव होना पाया गया। जिससे आरोपी राहुल साहू का कृत्य धारा 109 भादवि के तहत दण्डनीय होने से आरोपी राहुल साहू का मोबाईल व 1340 नकदी रूपये जप्त कर आरोपी नीलेश साहू एवं राहुल साहू के विरूद्ध अपराध क्रमांक 171/24 धारा 4 क सट्टा एक्ट, 109 भा.द.वि के तहत पंजीबद्ध किया गया है। उक्त आईपीएल सट्टे को पकड़ने में सउनि सुंदरलाल, प्रआर 285 महेन्द्र रैकवार, आर 621 मनीष पटैल, आर 651 पवन पटैल, आर 192 लोकेश पवार की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## ग्रीष्मकालीन फसलों को लेकर किसान भाइयों के लिए सलाह

**बटियागढ़ ।** ग्रीष्मकालीन फसलों को लेकर डॉ. द्वारका प्रसाद अठया की किसान भाइयों के लिए सलाह दी है। वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखते हुए किसान भाइयों के लिए आवश्यक सलाह है कि जो किसान भाई सब्जियां उगा रहे हैं उनमें कद्दू के लाल कीड़े का आक्रमण बहुत तेजी से बढ़ रहा है इसके आक्रमण पर सबसे पहले इसका आक्रमण अंकुर अवस्था में लगभग सभी सब्जियों में होता है यह कीट पत्तियों में छेड़ कर देते हैं जिससे प्रकाश संश्लेषण की क्षमता में कमी होती है और वृद्धि और विकास में बाधा पहुंचती है तथा इसके ग्रब पौधे की जड़ों को खाती है जिससे पौधे सूख कर मर जाते हैं इसके लिए आदर्श तापमान 24 से 30 डिग्री सेल्सियस होता है एवं वातावरण में नमी 60 से 70% आवश्यक होती है जो कि इसके अंडे देने को बढ़ावा देती है इसके नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 70% डबल्यू जी की मात्रा दो से तीन ग्राम प्रति 15 लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव किया जा सकता है इसके अलावा जैविक कीटनाशक ब्यूवेरिया वेसियाना 750 मिली से एक लीटर प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव किसान भाई कर सकते हैं।

## महिला स्वास्थ समस्या और निदान पर किया जागरूक



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर स्थानीय होटल में महिला स्वास्थ समस्या और निदान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल, राधिका राहुल सिंह एवं संगीता श्रीधर की विशेष उपस्थिति रही। जिसमें क्लब अध्यक्ष रोजी बग्गा ने सभी को समुचित भोजन, बैलेंस डाइट पोषक आहार के माध्यम से शरीर को तंदुरुस्त रखने की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्लब सचिव रजनी खरे ने घरेलू नुस्खे से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। रितु अग्रवाल ने बताया योग शरीर को मजबूत और लचीला बनाता हैं, जिससे उत्तम स्वास्थ्य रहता है। आयुर्वेदिक औषधियों के सेवन से हर रोग बिना साइड इफेक्ट्स के मिटाए जा सकते है इसकी विस्तृत जानकारी स्मृति खरे ने दी। विश्व स्वास्थ दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभा गुप्ता एवं रानी जुनेजा द्वारा भी अपने विचार रखे गए। इस कार्यक्रम में भावना शिवहरे, माया यादव, डिंपल, राखी चोपड़ा, एकता जुनेजा, पिंकी, पूजा, नर्मदा, एकता, कंचन खत्री, पदमा दुबे, अमरजीत, सुधा मिश्रा, सुनीता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, जय बुधवानी, दीप्ति श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**दमोह।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन शिक्षण संस्थान दमोह के द्वारा मनाया गया। संस्थान के सिंग्रामपुर में स्थित सेंटर में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम



पर आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य आधारित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। संस्थान के निदेशक गिरीश तिवारी के द्वारा स्वास्थ्य दिवस पर बताया गया कि उत्तम स्वास्थ्य ही जीवन की अमूल्य निधि है इस पर यदि ध्यान नहीं दिया तो हम जीवन में बहुत कुछ खो देते हैं इसलिए नियमित व्यायाम और उचित खानपान अत्यंत आवश्यक है। संस्थान की ओर से इस कार्यशाला में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजीव सुहाने ने गर्मियों में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया और उन्होंने संस्थान की ओर से सभी छात्र छात्राओं को ओ. आर.एस. के घोल के पैकेट वित्तरित किए और समझाईस दी कि स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना आवश्यक है।

## पॉलीटेक्निक परिसर का लिया जायजा



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में मतदान हेतु सामग्री वितरण सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम सहित अन्य कक्षों, पार्किंग स्थल, पेयजल व्यवस्था, पंडाल, सामान वितरण व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सीएसपी अभिषेक तिवारी, शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी कपिल खरे सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## सेमिनार कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 08 अप्रैल 2024 को छात्राओं के लिए मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर एक सेमिनार कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. एल. जैन के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें डॉ. सरोजिनी सी.एम.एच.ओ. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा एनीमिया जांच, दांतों की जांच, अन्य स्वास्थ्य जांच एवं उपचार कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती सुचेता शर्मा स्टेट ट्रेनर भोपाल एन. एच.एम. के द्वारा किशोरियों के स्वास्थ्य आहार एवं पोषक तत्वों के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। श्रीमती विधि गुप्ता काउंसलर जिला अस्पताल के द्वारा विभिन्न बीमारियों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में नितेश कोसम्हा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एन.एच.एम., राजुल चौरसिया संजीवनी मल्टीटास्क एम.टी.डब्ल्यू., डॉ. आरती पटेल आर. बी. एस. एस. के. एम. एवं उनके सहयोगी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. आराधना श्रीवास रही। इस कार्यक्रम में डा. एन.पी. नायक, डॉ. अरुणा एम. जैन, डॉ. मुदिता प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. मलती नायक, डॉ. दीपक कुमार सैनी, डॉ. बृजेंद्र सिंह कुसमरिया, डॉ. दिनेश पटेल, श्रीमती प्रीति वर्मा, डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. शिरीन खान, डॉ. के.के. उमाहिया, डा.अनुभा तिवारी, डॉ. शिखा यादव एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

### जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न.....

# जेल में रहकर आत्मचिंतन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम स्टाफ, जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राममनोहर सिंह दांगी ने अपने उद्बोधन में बताया कि जेल में रहने के समय का सदुपयोग कर नियमित रूप से योग करें क्योंकि स्वस्थ शरीर ही मानव जीवन की असली बुनियाद है। जेल में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागिता कर अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करें। उन्होंने कहा न्यायाधीश अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर निर्णय करता है और निर्णय के विरूद्ध सभी को अपील करने का अधिकार है। साथ ही जीवन के हर पल का सदुपयोग करना ही मानव का कर्तव्य है। जेल में रहकर आत्मचिंतन करें एवं ध्यान करें। जिससे जीवन में साकारात्मक बदलाव आ सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बंदियो के अधिकार जैसे निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने, संपर्क अथवा मुलाकात का अधिकार, पढ़ने, लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट एवं प्रताड़ना के विरूद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, मनोरंजन सुविधाओं, धर्मपालन का अधिकार, उपचार का अधिकार आदि की विस्तृत जानकारी दी। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाईच ने बंदियों को लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आपका बचाव करने हेतु शासन द्वारा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की भर्ती की गई है जो आपकी ओर से निःशुल्क पैरवी कर रहे हैं एवं अपना संपूर्ण समय विधिक सेवा के कार्यो में लगा रहे हैं। कार्यक्रम का आभार अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बंदियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

## वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न




**हिण्डोरिया।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की मदद से संचालित संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह-पन्ना द्वारा एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) परियोजना के तहत किए गये कार्यों के स्व. मूल्यांकन को लेकर एक दिवसीय वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। एवं आगामी कार्य योजना भी बनाई गई। बैठक का संचालन सन्देश बंसल एवं ओपी तिवारी व्दारा किया गया। वार्षिक समीक्षा बैठक में अक्षय तृतीया पर बाद विवाह रोकने विशेष कार्य योजना बनाई गई। इस मौके पर जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे दमोह, रामनिवास खरे पन्ना, काउंसलर शिवम सोनी , मनोज सिंह, कार्यकर्ता सुजात खान, पूनम चौरसिया इत्यादि ने भाग लिया।

## आरसेटी संस्थान का संयुक्त जांच दल ने किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत संयुक्त जांच दल में शामिल एसडीएम दमोह आरएल बागरी, लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी एवं डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत माधवी बुधौलिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दमोह शहर के बांदकपुर बाईपास, न्यू दमोह स्तिथ आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का औचक



निरीक्षण करके संस्थान की कैंटीन की किचिन में तैयार दाल, चावल, कढ़ी एवं रोटी के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त संस्थान में शाकाहारी भोजन वितरित करने वाले डिनर सर्विस द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को तैयार दाल में मकड़ी के मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उक्त संस्थान में भोजन का निर्माण एवं वितरण प्रकाश डिनर सर्विस प्रो. अखिलेश चौरसिया, पुराना थाना, दमोह द्वारा किया जाता है। निरीक्षण के दौरान परिसर में फूड लाइसेंस की प्रति एवं फ़ूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगा हुआ पाया गया। परिसर से लिये गए तैयार दाल, कढ़ी, चावल एवं रोटी के नमूनें को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अगर उक्त खाद्य सामग्री के नमूनें मानक स्तर के नहीं पाए जाते है तो इस संबंध में डिनर सर्विस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। परिसर के निरीक्षण के समय किचिन एरिया में साफ सफाई व्यवस्था में कमी देखी गई है। मौके पर डिनर सर्विस के संचालक को धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया है। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी द्वारा कैंटीन में रखी कच्ची खाद्य सामग्री बेसन, आटा, राई, जीरा, गरम मसाला, कढ़ी पत्ता, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर, नमक, चावल एवं शक्कर की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच की गई है एवं तैयार भोजन अरहर दाल, कढ़ी, चावल एवं रोटी का भौतिक परीक्षण किया गया है।

## निषादराज महाराज की जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**दमोह।** जिला रायकवार माझी समाज दमोह के द्वारा सनातनी हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 ( तदनुसार 09 अप्रैल 2024) की पूर्व संध्या पर स्वजातीय बंधुओं को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देकर एवं 13 अप्रैल 2024 को महाराणा प्रताप स्कूल परिसर से शाम 04 बजे माझी समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज महाराज की जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा मे शामिल होने के लिए आज फुटेरा मुहल्ला और पलंदी चौराहा मे घर-घर जाकर पीले चॉवल देकर स्वजातीय बंधुओं आमत्रंण देकर समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज महाराज जी की जयंती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से युवा रायकवार माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोंटी रायकवार, समाज के जिला अध्यक्ष राकेश रायकवार, संभागीय अध्यक्ष राकेश धुरिया, जिला महामंत्री प्रहलाद रायकवार,ऐलू रायकवार,पैलू रायकवार,राजू काली रायकवार,मदन रायकवार, राजकुमार रायकवार, झल्लू रायकवार,दिप्पू रायकवार,लल्ला रायकवार,छोटू रायकवार, सुमित रायकवार,शिवा रायकवार, सत्यम रायकवार, अरूण रायकवार, मनोज रायकवार, अंशु रायकवार,सचिन रायकवार, बबलू कहार, मुकेश केवट की मौजूदगी रही।

# ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री समय सागर जी की आज होगी भव्य ऐतिहासिक अगवानी

## पटेरा से कुण्डलपुर तक दिखेंगे अदभुत दृश्य, देश भर से श्रद्धालु पहुंचेगे कुण्डलपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वह पल आ गया जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। आज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के विशाल संघ के होने वाले नायक व संघ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज का कुण्डलुपर की धरा पर प्रवेश होगा। कुण्डलपुर में प्रवेश के अवसर पर ऐतिहासिक अगवानी की तैयारियां क्षेत्र कमेटी व जैन समाज द्वारा की गई है। गौर हो कि 16 अप्रैल को होने वाले महामहोत्सव में आचार्य श्री के संघ के नये आचार्य के रूप में पूज्य मुनि श्री समय सागर जी का आचार्य पद प्रतिष्ठा होगी जिसको लेकर उनके भक्तों में उत्साह व उमंग है। आज कुण्डलपुर में ऐतिहासिक अगवानी में एक से बढ़कर एक दृश्य देखने को मिलेगे। इस दौरान विशेष रूप से 1 अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बैंड, भारत के प्रसिद्ध 21 दिव्य घोष, 36 रथ, 1111 सदस्यों का अखाड़ा, ड्रोन से सुगंधित जल व पुष्प वर्षा, 2500 आचार्यश्री व समयसागर जी की छवियां, 2000 धर्म ध्वजाएं, 111 विशेष ध्वजाएं, 111 ढोल नगाड़े इस अगवानी के पलों को खास बनाने जा रही है। अनुमान है कि 500 से अधिक बसों से देश भर के श्रद्धालु, 2000 से अधिक चार पहिया वाहन इस अगवानी में हिस्सा लेने हेतू पहुंचेगे। इस दौरान गौशाला, हथकरघा, प्रतिभास्थली, पूर्णायु चिकित्सालय, भाग्योदय, शांति धारा दुग्ध योजना आदि की विशेष झाँकियाँ समाज को आचार्य श्री के द्वारा शुरू किये गये जीवदया के कार्यो के बारे में बतायेंगी व विभिन्न संदेश देंगी। इस अवसर पर निर्यापक श्रमण वीर सागर जी महाराज सहित आर्यिका संघ की भी अगवानी कुण्डलपुर में की जायेगी। सबसे खास पल मुनि संघ का अपने आगामी आचार्य से होने वाले मिलन का होगा। सभी मुनिगण, आर्यिका संघ अपने ज्येष्ठ व श्रेष्ठ मुनि श्री के दर्शनों को आतुर है। मुनि श्री समय सागर जी की आज की अगवानी के बाद कुण्डलपुर में 16 अप्रैल को होने वाले महोत्सव को लेकर सारी रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जायेगा। अब हमें आचार्य श्री के दर्शन तो इस धरा पर नहीं हो सकते लेकिन उनकी ही छवि, चर्या, गुणों वाले मुनि श्री समय सागर जी के दर्शन गुरू दर्शन की प्यास बुझायेगा।

### पटेरा से दोपहर में होगा बिहार

मुनि श्री समय सागर जी देवडोंगरा से विहार करते हुये पटेरा नगर पहुंचे जहां हाईस्कूल में रात्रि विश्राम किया । उनकी आहारचर्या पटेरा नगर में संपन्न होगी। दोपहर ढाई बजे मुनि संघ कुण्डलपुर की ओर विहार करेगा इसी दौरान रास्ते भर उनका जगह जगह भव्य स्वागत सत्कार किया जायेगा। लगभग शाम 5 बजे तक कुण्डलपुर पहुचंने पर मुनि संघ से मिलन होगा।

## कुंडलपुर का यही प्रांगण हमारे विद्याभ्यास की पाठशाला रही - निर्यापक मुनि श्री नियमसागर जी महाराज

कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में आचार्य भक्ति के पश्चात निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए बताया यहां कुंडलपुर क्षेत्र में आने के पश्चात ऐसी नवीनतम अनुभूति हो रही है यहां आने के बाद ऐसा लगा इतने सारे मुनि महाराज के बीच कभी नहीं आए। 76-77 में दो चातुर्मास गुरुवर के साथ कुंडलपुर में किये। हम 4 ही जन क्षुल्लक थे। सन 75 में फिरोजाबाद चातुर्मास के बाद सोनागिर सिद्ध क्षेत्र आए आचार्य श्री के साथ चार-पांच ब्रह्मचारी थे एक क्षुल्लक जी थे। आचार्य श्री ने सोनागिर में चारों ब्रह्मचारियों को छुल्लक दीक्षा प्रदान की। हम क्षुल्लक दीक्षा को क्षुल्लक व्रत कहते हैं। दीक्षा का तात्पर्य जहां रत्नत्रय धर्म प्रकट हो जाता अंतरंग परिग्रह का त्याग हो जाता। दक्षिण कर्नाटक को छोड़कर पढ़ाई बीच में रोक कर चले आए। निमित्त मिलता है दिगंबर गुरुओं का लौकिक शिक्षा की ओर मन था ,प्रवचन अच्छे लगने लगे। राजस्थान के सुप्रसिद्ध नगर किशनगढ़ में गुरु को गुरु मिले अपने गुरु हमको वही मिले जहां हमारे गुरु को गुरु मिले वहां हमको हमारे गुरु प्राप्त हो गए। जब गुरु का प्रथम दर्शन किया। छोटी उम्र में कोई दीक्षा लेते नहीं थे ऐसी छोटी उम्र में ही रत्नात्रय धर्म के मार्ग पर आचार्य श्री ज्ञान सागर जी ने चला दिया ।हमारी उम्र भी दूसरी तीसरी कक्षा पढ़ते थे लौकिक पढ़ाई चलती रही 18 साल की उम्र में क्षुल्लक दीक्षा के साथ कुंडलपुर में दो चातुर्मास 76 एवं 77 में गुरु जी के सानिध्य में हुये ।एक छोटे बालक के रूप में विद्या अध्ययन करते थे चार लोग थे इसी प्रांगण में बैठकर मुलाचार प्रदीप का अध्ययन किया यही प्रांगण हमारे विद्याभ्यास की पाठशाला रही ।जब उस मंदिर में जाते गुरु नजर आते बड़े बाबा के साथ छोटे बाबा और अपनी तुलना करते वह दृश्य घूमने लगता। पुनः वह दिन नहीं आ सकते अतीत का लौटाना किसी के वश की बात नहीं ।अतीत व्यतीत हो जाता अतीत को याद करना और उस घटना को सुनाना संस्मरण कहते है। हम चार ही जन क्षुल्लक थे आचार्य श्री ने बुंदेलखंड में इतने बड़े संघ की रचना की ।गुरु चरणों तक पहुंचने की आश थी कर्मों के रहस्य को कोई नहीं जान सकते ।अविराम रूप से 30-30 किलोमीटर रोज चले 6 दिन पहले ही निकल सकते। बड़े-बड़े ज्योतिष भविष्य को नहीं बता सकते गुरु से प्रार्थना करते और कितना चलना पड़ेगा परोक्ष में प्रत्यक्ष अनुभूति करता रहा कोई संकेत प्राप्त हो गुरु दर्शन हो सके।

# आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ, घोड़े पर सवार होकर आ रही मां दुर्गा



हटा। आदिशक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र आज मंगलवार चैत्र शुक्लपक्ष की प्रतिपदा घटस्थापना से प्रारंभ हो रहा है। आज पहले दिन नवसंवत्सर यानिकि सनातन धर्मावलंबियों का नया वर्ष शुरू होता है नगर में नव वर्ष की तैयारी शुरू हो गई हैं। नगर के प्रसिद्ध मां चंडी जी मंदिर, मां पीतांबरा पीठ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई। इसके अलावा दर्शनार्थियों के लिए कोई तकलीफ आने-जाने में ना हो इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था विशेष तौर से कराई जा रही है। जिससे माता के भक्त नौ दिनों तक अपनी श्रद्धा उपासना के साथ जल अर्पित करने व संध्याकालीन आरती में कोई परेशानी न हो। इसी के साथ नगर के की देवी दिवालों पर जवारे घट स्थापना की जावेगी जहां नौ दिनों तक माता की उपासना भक्तों द्वारा की जाती है। नवरात्र के नौ दिनों मैं आदिशक्ति मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। मां पीतांबरा मंदिर के पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है साथ ही अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है इस योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। मातारानी के वाहन को शुभ अशुभ फल का सूचक माना गया है। इसका प्रकृति से लेकर मानव जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। इस बार चरित्र नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन घोड़े पर हो रहा है घोड़े को मां दुर्गा का शुभ वाहन नहीं माना जाता है, ये युद्ध और प्रकृति आपदाओं का संकेत देता है।

## अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# हत्या कर कीमती जेवरात व नगदी लूट ले गये थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अंधे हत्याकांड के पीछे गुत्थी सुलझाने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। घटना के पीछे की वजह आरोपियों द्वारा लूट करने की नियत से घर में घुसकर हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनाँक 07-08 मार्च 2024 की दरम्यानी रात को दामोदर बंसल पिता स्व. तुला बंसल उम्र करीबन 52 साल निवासी ग्राम बालाकोट अपने घर में मृत अवस्था में मिला था। मृतक के दोनो हाथ पलग से बंधे थे दोनो पैर कपड़े के दुपट्टा से बंधे थे। मृतक के मुँह में कपड़ा ठुसा था एवं गले पर चोट के निशा थे एवं मृतक के घर से नगद रूपये एवं सोने चाँद के जेवर भी घटना कारित करने वाले आरोपी लूट कर ले गये थे जिस पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 170/2024 धारा 302, 201, 394,460,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामला हत्या एवं लूट का होने से मामला अत्यंत संवेदनशील, चुनौतीपूर्ण होने से पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति द्वारा उक्त मामले के अज्ञात आरोपियो एंव मालमशरूका की तलाश पतारसी हेतु आदेशित किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रविन्द बाधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर उक्त मामले की खुलासा हेतु दिनरात कड़ी मेहनत करते हुये तकनीकी, भौतिक साक्ष्यो को जोड़ते हुये सायवर सेल टीम की मदद से संदेहीयानो से हिकमतअमली एवं सूझबूझ से लगाकर पूछताछ कर आरोपियो की पतारसी के प्रयास किये गये। आरोपी इन्दुर बंसल, चंदन उर्फ राजा बंसल, नीतेश बंसल, बबलू बंसल एवं 01 अपचारी बालक के द्वारा मृतक दामोदर बंसल के हाथ पैर बाद कर गला बाद कर मुह में कपड़ा ठूस कर हत्या कर मृतक के घर से नगद रूपये लगभग 55000/- एंव सोने चांदी के जेबरात लूट कर ले जाना स्वीकार किया। आरोपियों में इंदुर बंसल पिता हल्ले बंसल उम्र 19 बर्ष निवासी ग्राम मनका, चंदन उर्फ राजा पिता श्री हीरालाल बंसल उम्र 19 बर्ष, नीतेश पिता स्व. मूलचन्द बंसल उम्र 32 बर्ष निवासी सिहत 01 अपचारी बालक सभी निवासी ग्राम बालाकोट थाना दमोह देहात जिला को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक आरोपी बबलू बंसल फरार है। आरोपियों के पास से 26500/- नगद रूपये, चांदी के जेवरात कीमती लगभग 50,000/- रूपये, 04 मोबइल कीमती करीबन 48000/- रूपये, कुल जप्त मसरूका कीमती 1,24,500 जब्त किये गये। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक रावेन्द्र सिह बागरी, थाना प्रभारी दमोह देहात उनि. सरदार सिह, संजू सैयाम, सउनि शालिगराम अग्निहोत्री सायवर सेल से सौरभ टण्डन राकेश अठया, थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक अजीत दुबे, थाना दमोह देहात से प्रधान आरक्षक कामता, दीपक, सतीश नामदेव, रवि कटारे, संजय पाठक, आलोक, मुकेश दुबे, तुलसीराम पटेल, आरक्षक देवेन्द्र ठाकुर, अजय पटेल, विक्रम, शोएव मिर्जा, कुलदीप त्रिवेदी, भानु कुमार, ब्रजबिहारी, महिला आरक्षक प्रियंश तिवारी, रीतिका तिवारी पीसीआर उपस्थित रहे।

### पुत्र ने की थी पिता की हत्या, अंधे हत्याकांड का खुलासा

दमोह। नोहटा थाना के ग्राम बिजौरा के पटपरा हार में मिले शव के मामले में पुलिस ने अंधे हत्या कांड का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार ग्राम बिजौरा के पटपरा हार में खेत की मेड़ पर बनी टपरिया में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पाया गया कि मृतक लक्ष्मण सींग पिता लाल सींग लोधी उम्र 74 साल निवासी बिजौरा का लहुलुहान अवस्था में शव टपरिया के अदर खटिया पर पड़ा है। प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत होने से मृतक के पुत्र कमल सींग लोधी की सूचना पर घटना स्थल पर अपराध क्रमाक 0/24 धारा 449, 302 भा.द.वि. की देहाती नालसी अज्ञात आरोपी के विरुद्ध लेख कर देहाती मर्ग इटीमेशन एवं शव पंचनामा की कार्यवाही की गई। मृतक के पुत्र कमल सींग लोधी की गांव में बुराई थी जो कमल सींग द्वारा विरोधी पक्ष पर आरोप लगाया जा रहा था। अधी हत्या होने से पुलिस के लिये एक चुनौती पूर्ण कार्य था। प्रकरण के संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की गई व मुखबिर / सायबर सेल की मदद से मृतक लक्ष्मण की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसी के पुत्र कमल सींग लोधी द्वारा स्वंय के घर पर की गई थी एवं साक्ष्य छुपाने तथा विवेचना गुमराह करने के उद्देश्य से शव को स्वय द्वारा खेत में बनी टपरिया में रख दिया था। आरोपी द्वारा पुलिस को लगातार गुमराह किया गया किंतु विवेचना में आये तथ्यों के आधार पर आरोपी कमल सींग लोधी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया जो आरोपी कमल सींग लोधी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी में कमल सींग लोधी पिता लक्ष्मण सींग लोधी उम्र 52 साल निवासी ग्राम थाना नोहटा को गिरफ्तार किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में थाना प्रभारी उप निरी अरविंद सिंह ठाकुर, सउनि अलजार सिंह, सउनि अक्षेन्द्रनाथ, प्र.आर. नरेन्द्र पाण्डे, प्र.आर. धर्मेन्द्र दुबे, नि. रोहित राजपूत, रु. शुभम् चौबे, रु. श्रीराम आर राजू वास्केल एवं सायवर सेल टीम प्रआर राकेश अठ्या, सौरभ टलन की अहम भूमिका रही।

# बिना मुंडेर के 60 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय का रेस्क्यू



बनवार। जिले के हथनी पिपरिया के कुंजपूरा टोला मैं युवाओं ने 60 फीट गहरे बिना मुंडेर के कुएं में गिरी गाय का सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के दौरान गांव के युवा श्याम यादव कमलेश आठिया चिंटू छुट्टी अन्य कुएं में उतरकर रस्सियों की सहायता से गाय को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार चौकीदार नन्ना अहिरवार की गाय 2 दिन से लापता थी बिना मुंडेर के एक कुआं में गाय की रंभाने की आवाज आई। देखा तो कुएं में गाय गिरी हुई थी। इसकी सूचना युवकों अन्य ग्रामीणों को दी। कुछ देर बाद कुआं के पास भीड़ जुट गई और युवाओं ने हिम्मत दिखाते हुए गाय का रेस्क्यू किया। युवाओं ने बताया बिना मुंडेर के कुएं में पानी कम था। इससे गाय अंदर सुरक्षित रही। और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ग्रामीण ने बताया बिना मुंडेर के कुएं के पास गाय चरने गई होगी और कुएं में गिर गई होगी।

## पुलिस ने दबिश देकर पकडी अबैध शराब



सिंग्रामपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु , श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन पर एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय जबेरा के नेतृत्व में चौकी सिंग्रामपुर पुलिस द्वारा आरोपी ग्राम सिंगपुर मे प्रेम चौरसिया के विरूद्ध 34 (1)आब.एक्ट की कार्यवाही कर कुल 20 बीयर की बाटल पाबर कूल, सफेद 50 पाव देशी शराब 27 पाव लाल मसाला एवं अंग्रेजी व्हिस्की कि 10 बाटल कुल कीमत करीब 12820 रुपए की जब्त की गई एक और अन्य कार्रवाई में 43 पाव सफेद जिसकी कीमत 4300 आकी गई है पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े, प्रआर रणधीर, प्रधान आर जालम आरक्षक राम मनोहर यादव,अजय सैनिक शिव विश्वकर्मा, गुलाब, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बनवार। लोक सभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के चलते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नोहटा थाना की बनवार चौकी पुलिस ने वारंटियों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ तेज कर दी है। जिसके चलते विद्युत अधिनियम के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी को मुखबिर की सूचना पर नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह मार्गदर्शन में बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव बनवार पुलिस ने हल्लू साहू एवं कोमल साहू दोनो निवासी चंडी चोपरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# दमोह लोस क्षेत्र से अब 14 प्रत्याशी मैदान में, चुनाव चिन्ह आवंटित

### दो ने नाम वापिस लिए

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 07.दमोह संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के नाम वापिसी की प्रक्रिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर की उपस्थिति में संपन्न हुई। अभी तक लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले 16 अभ्यथियों शेष थे। आज 02 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापिस लेने पश्चात अब 14 अभ्यर्थी लोकसभा निर्वाचन के लिये शेष रह गये हैं जिन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये हैं। आज नाम वापिसी के पश्चात मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों में बहुजन समाज पार्टी से इंजीनियर गोवर्धन राज चुनाव चिन्ह हाथी इंडियन नेशनल कांग्रेस से तरबर सिंह लोधी बन्टू भैयादु चुनाव चिन्ह हाथ, भारतीय जनता पार्टी से राहुल सिंह लोधी चुनाव चिन्ह कमल, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी में भारत आदिवासी पार्टी से मनु सिंह मरावी चुनाव चिन्ह हाकी और बाल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से राजेश सिंह सोयाम चुनाव चिन्ह आरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से भैया विजय पटेल; कुर्मी तिरगढ़ बाले चुनाव चिन्ह बाँसुरी तथा अन्य अभ्यर्थियों में निर्दलीय प्रत्याशी तरवर सिंह लोधी चुनाव चिन्ह बल्ला निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गा मौसी चुनाव चिन्ह गुब्बारा निर्दलीय प्रत्याशी नीलेश सोनी चुनाव चिन्ह एयरकंडीशनर निर्दलीय प्रत्याशी नंदन कुमार अहिरवाल चुनाव चिन्ह ऑटो.रिक्शा निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार अहिरवार चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड निर्दलीय प्रत्याशी राहुल भैया चुनाव चिन्ह हीरा निर्दलीय प्रत्याशी राहुल भैया चुनाव चिन्ह फलों से युक्त टोकरी एवं निर्दलीय प्रत्याशी वेदराम कुर्मी को चुनाव चिन्ह सितार प्राप्त हुआ हैं।

## कुण्डलपुर महोत्सव के चलते रेल्वे ने बदला आदेश, तीन ट्रेने पूर्व की भांति चलेगी

दमोह। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखण्ड पर गणेशगंज स्टेशन पर थर्ड रेल लाइन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के नाम पर अनेक यात्री गाडियों को 15 अप्रैल से निरस्त किया जा रहा था जबकि 16 अप्रैल को कुंडलपुर में आचार्य पदारोहण समारोह होने जा रहा है। रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कुल 6 जोड़ी ट्रेन निरस्त होने की जानकारी सामने आई थी लेकिन देर शाम रेल्वे द्वारा इस आदेश में संशोधन करते हुये नया आदेश जारी किया जिसमें तीन जोड़ी ट्रेनों को यथास्थिति चलाने की जानकारी दी गई। कुण्डलपुर महोत्स्व के चलते रेल्वे द्वारा यह निर्णय लिया गया जिसको लेकर जैन समाज ने रेल प्रबंधन का आभार जताया। रेल विभाग से कुण्डलपुर महोत्सव के नोडल अधिकारी मुकेश जैन स्टेशन मास्टर ने बताया कि रेल्वे द्वारा कुण्डलपर महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुये अपने पूर्व में जारी किये आदेश में से तीन ट्रनों को पूर्व की भांति चलाने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि गाड़ी क्र 11704-03 डॉ0 अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस, 18235-36 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, 22161-62 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस अब पूर्व की भांति संचालित होगी। जबकि ड़ी संख्या 01885 बीना-दमोह पैसेजर दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक निरस्त, 01886 दमोह-बीना पैसेजर 15.04.2024 से 17.04.2024 तक निरस्त, 06603 बीना-कटनी मुरवाड़ा मेमू दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक निरस्त, 06604 कटनी मुरवाड़ा-बीना मेमू दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक निरस्त, 11272 भोपाल- इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक निरस्त, 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक निरस्त रहेगी।

# चयनित विक्रेता से पुस्तकें, गणवेश क्रय करने के लिए दबाव नहीं बनायेगें-कलेक्टर

### नियमों का उल्लंघन करने पर दण्ड के प्रावधान



दमोह। शाला प्रबंधन समिति इस आशय का प्रमाण-पत्र देना सुनिश्चित करें, कि विद्यालय की निर्धारित यूनिफार्म में तीन वर्ष के पश्चात ही किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जायेगा। समस्त निजी स्कूल अपने स्कूल की गणवेश के अलावा अन्य किसी सामग्री पर अपने विद्यालय के नाम उल्लेख नहीं करेगें। विद्यालयों को अधिनियम में उपबंधित नियमों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा। शिकायत प्राप्त होने पर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के 300 से अधिक दर्ज संख्या वाले 66 निजी विद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक के द्वौरान दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचार्यो से कहा निजी विद्यालय प्रबंधन अपने स्कूल में दर्ज छात्रों एवं उनके पालकों पर किसी भी चयनित विक्रेता से पुस्तकें, गणवेश एवं अन्य सामग्री क्रय करने के लिए दबाव नहीं बनायेगें। निजी विद्यालय अपने सूचना पटल पर पुस्तकें एवं अन्य सामग्री कहॉ-कहॉ उपलब्ध है, कम से कम 5 विक्रेताओं की जानकारी विद्यालय के सूचना पटल एवं विद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर प्रदर्शित करेगें। विद्यालय प्रबंधन सत्र 2024-25 में विद्यालय प्रवेश प्रारंभ तिथि एवं प्रक्रिया, विद्यालय में उपयोग में लायी जाने वाली पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफार्म, स्पोर्टस किट, ट्रान्सपोर्ट सुविधा फीस अथवा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संग्रंहित की जाने वाली धनराशि का मदवार विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा विद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर तत्काल प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय प्रबंधन सत्र 2024-25 हेतु विवरण पुस्तिका एवं प्राप्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी, सूचना पटल एवं अधिकारिक बेवसाईट पर तत्काल प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। विद्यालय में पढ़ाई जा रही पुस्तकों के नाम और प्रकाशकों/मुद्रकों की सूची कक्षावार निर्धारित प्रारूप में तैयार कर सूची 03 दिवस के अंदर निजी विद्यालय फीस विनियिमन प्रकोष्ठ जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये । कलेक्टर श्री कोचर ने कहा राजपत्र में दिये गये नियमों का उल्लंघन करने पर दण्ड का प्रावधान बतलाया गया है यथा यदि निर्धारित फीस से अधिक फीस संग्रहित की गयी है तो ली गई अतिरिक्त फीस को छात्रों को वापिस करना होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर दण्ड के प्रावधान तहत प्रथम बार में 2 लाख रूपये, द्वितीय बार में 4 लाख रूपये एवं अगली बार में 6 लाख रूपये निर्धारित किये गये है। दण्ड के अतिरिक्त मान्यता निलंबन या निरस्त करने का प्रस्ताव संबंधित बोर्ड को भेजना होगा। आर्थिक दण्ड का भुगतान न करने पर भू-राजस्व की तरह राशि वसूल की जायेगी। उन्होंने कहा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की सेल के द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 नियम 2020 के सदंर्भ में विस्तृत जनकारी दी गयी। आगामी वर्ष की फीस निर्धारण हेतु वेबसाईट की नवीन लिंक पर प्रविष्टि करने एवं दस्तावेज अपलोड करने की विधि समझाई गई। प्रक्रिया शुल्क के भुगतान करने की विधि का विस्तृत उल्लेख किया गया। बैठक में वेबसाईट पर सत्र 2021-22, 2022-23, 2023-24 की जानकारी निर्धारित प्रपत्रों/माड्यूल में भरकर 16 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। वेबसाईट में 2024-25 की प्रस्तावित संरचना के लिये निर्देश नहीं हैं, अतः निजी विद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देश दिये गये है, कि निहित जानकारी हार्ड कापी में तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह में 13 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

## वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से ढेड़ लाख रूपए जप्त

हटा। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशन पर नगर के अंधियारा बगीचा व खचना नाका के बीच नेहरू बाल उद्यान के समीप वाचनालय के आगे एफएसटी (उड़न दस्ता टीम)को नियुक्त किया गया जहां दमोह एवं हटा की ओर से आने वाले सभी दो-पहिया चार पहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही है एवं वाहन चालक सहित वाहन में बैठे अन्य लोगो की जानकारी निगरानी दल द्वारा नोट की जा रही है।इसी क्रम में सोमवार के दिन एफएसटी एवं पुलिस थाना की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से जा रहे लक्ष्मण सिंह यादव की वाहन चेकिंग की गई तो उसके बैग से 1.5लाख रू.मिलें जिसकी जानकारी टीम द्वारा जुटाई गई लेकिन किसी भी प्रकार से बाइक चालक द्वारा रू. से संबधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कराए गये। बाइक चालक लक्ष्मण सिंह यादव मूल रूप से पन्ना का निवासी बताया गया एवं हटा में रहकर किसी पेट्रोलपंप पर कार्य करनें की जानकारी सामनें आई है।वही बाइक चालक द्वारा उक्त राशि की पक्की रसीद प्रस्तुत न किए जाने पर बरामद की गई राशि को एफएसटी टीम से अखिलेश तिवारी थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा कार्रवाई करते हुए बरामद की गई धनराशि को जिला कोषालय में जमा कराया गया। वही मौके पर तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी सीएमओ राजेन्द्र खरे स.उ.निरी.शत्रुघन दुबे की मौजूदगी रही।